एक नजर में

दतिया पहुंचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

ग्वालियर 18 जनवरी. दतिया पहुंचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने अगवानी की। उन्होंने श्री पीताम्बरा पीठ पहुंचकर पूजा अर्चना की, वन खंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। वे झांसी से सड़क मार्ग से दतिया आईं। पूर्व गृहमंत्री डॉ मिश्रा द्वारा माई कृपा में आयोजित रात्रि भोज में भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हुईं।

दूषित पानी की निगरानी के लिए कांग्रेस पार्षदों की समिति गठित

ग्वालियर। हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई दुखद घटनाओं ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। कई निर्दोष लोगों की जान गई और सैकड़ों बीमार पड़े। यह घटना जल प्रदूषण की गंभीर समस्या को उजागर करती है, जो भाजपा सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का नतीजा है। इस दर्दनाक सबक को ध्यान में रखते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस के अनुभवी पार्षदों की 12 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे शहर को स्वच्छ और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समर्पित होगी। यह समिति विशेष रूप से उन 27 स्थानों पर फोकस करेगी, जहां हालिया जांचों में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया और प्रदूषण के उच्च स्तर पाए गए हैं। इन जगहों पर जल की गुणवत्ता में सुधार के लिए त्वरित उपाय किए जाएंगे, साथ ही पूरे शहर में जल आपूर्ति प्रणाली की निरंतर निगरानी की जाएगी। समिति के संयोजक मनोज राजपूत होंगे। समिति में कपिल शर्मा सह संयोजक, सरोज हेवरन कंषाना सदस्य, सईदा आसिफ अली सदस्य, अनीता रामू कुशवाह सदस्य, केदार बारहादिया सदस्य, चंदनी जंग बहादुर चैहान सदस्य, अनीता मुकेश धाकड़ सदस्य, किरन धर्मेन्द्र वर्मा सदस्य, प्रमोद खरे सदस्य, अंकित कटठल सदस्य, सुरेन्द्र साहू सदस्य हैं।

इंटेक ग्वालियर चैप्टर की तीन दिवसीय 'विरासत' प्रदर्शनी का शुभारंभ

ग्वालियर। इंटेक ग्वालियर चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 'विरासत' का शुभारंभ पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर द्वारा तानसेन कला वीथिका पड़ाव ग्वालियर पर किया गया। यह प्रदर्शनी मंगलवार तक आमजन के लिए खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में दुर्लभ एवं ऐतिहासिक सिक्कों और डाक टिकटों का अनूठा संग्रह प्रस्तुत किया गया है। दर्शक यहां सिक्कों, डाक टिकटों, सिंधिया वंश एवं मुगल वंश के ऐतिहासिक सिक्कों के साथ-साथ सौरमंडल और कोविड विषय पर जारी सभी डाक टिकटों का विशेष संग्रह देख सकते हैं। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण एक किलोग्राम चांदी का सिक्का भी है। युवा प्रतिभा मास्टर हितार्थ द्वारा प्रस्तुत पंचतंत्र और डायनासोर आधारित सिक्कों ने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं का ध्यान आकर्षित किया। वहीं आराध्या महेश्वरी द्वारा लगाए गए स्मारक सिक्कों के विशेष संग्रह में 100 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के दुर्लभ सिक्के प्रदर्शित किए गए हैं। आधुनिक भारत के सिक्कों की यात्रा विषय पर चंद्रदीप सिंह द्वारा लगाए गए संग्रह में एक आना से लेकर वर्तमान 10 रुपये तक के सिक्कों का क्रमबद्ध प्रदर्शन किया गया है। इसके अतिरिक्त पवन वर्मा एवं संतोष सोनी के अनोखे संग्रह भी प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी में कोटा (राजस्थान) से भी संग्रहकर्ता एवं दर्शक शामिल हुए हैं। यह प्रदर्शनी सोमवार एवं मंगलवार को प्रातः 11 से 6 बजे तक खुली रहेगी।

ठंड फिर पकड़ेगी रफ्तार, होगी मावठ

ग्वालियर। हर साल दिसंबर माह से शुरू होने वाला पश्चिमी विक्षोभ इस साल देरी से आया। इस साल के दूसरे पश्चिमी विक्षोभ ने शहर में दस्तक दे दी है। इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाले तीन चार दिनों में शहर में मावठ हो सकती है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ से शहर का तापमान नीचे गिरेगा और ठंड बढ़ जाएगी। इसके साथ ही बादल छाए रहने से कोहरा पड़ना प्रारंभ हो जाएगा। शीतलहर चलेगी जो कि तापमान में और गिरावट दर्ज होगी। शहर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2 .5 डिग्री अधिक है। इसी प्रकार अधिकतम तापमान 26 .6 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। हवा में नमी की मात्रा 97 प्रतिशत है जो कि सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक है। मावठ का इंतजार कर रहे किसानों और तेज सर्दी का इंतजार कर रहे शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। शहर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है, पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो चुकी है, जबकि मैदानी इलाकों में बादल छा रहे हैं। इसके चलते शहर में कोहरा छाने की उम्मीद है, कुछ दिन तक शाम को हवा की रफ्तार धीमी हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार शाम होते ही कोहरा छाएगा एवं शीतलहर चलने से मौसम में ठंडक बढ़ जाएगी। विगत कई दिनों से सामान्य से अधिक चल रहे तापमान से लोगों को लगने लगा था कि इस साल सर्दी का मौसम आया भी है अथवा नहीं, मौसम वैज्ञानिक हुकुम सिंह के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ शहर में सर्दी बढ़ाएगा इसके 23 जनवरी तक सक्रिय रहने की उम्मीद है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

किन्नरों के घर सशस्त्र डकैती...

सोना, चांदी नकदी समेटकर घर से निकले। जाते समय बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। रस्सियों से बंधे हुए किन्नरों ने एक-दूसरे की मदद से खुद को बंधनों से मुक्त किया। जिसके बाद घर से बाहर आकर पड़ौसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी। अंबाह पुलिस ने फरियादी राबिया किन्नर की रिपोर्ट पर 8 अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लूट, डकैती अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

एपीके फाइल क्लिक करते ही 22 मिनट में बुजुर्ग के खाते से 80 हजार निकले

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जनवरी. तानसेन नगर में रहने वाले बुजुर्ग के मोबाइल पर मैसेज आया जिसके के साथ एक एपीके फाइल भी आई। बुजुर्ग ने बिना पूरी बात जाने फाइल को डाउनलोड कर लिया। डाउनलोड होते ही बुजुर्ग के बैंक से 80 हजार रुपए गायब हो गए। अचानक पैसे काटने का मैसेज आया तो पहले बुजुर्ग की समझ नहीं आया, इसके बाद उसने बैंक जाकर पता किया तो खाते से 80 हजार रुपए गायब मिले। बुजुर्ग ने इस मामले की शिकायत ग्वालियर थाने में दर्ज कराई है। बुजुर्ग की शिकायत पर साइबर एक्सपर्ट जानने का प्रयास कर रहे हैं कि खाते से निकली रकम कहां गई है। तानसेन नगर निवासी आशीष सिंह गौर पुत्र ताहर सिंह गौर उम्र 53 साल 12 जनवरी को अपने घर पर मोबाइल चला रहे थे, उनके मोबाइल पर अचानक एक एपीके फाइल आई, आशीष सिंह गौर ने जिज्ञासावश उस फाइल को 12 जनवरी की दोपहर 4 बजकर 10 मिनट पर डाउनलोड किया, इसके बाद 4 बजकर 32 मिनट में उनके खाते से 80 हजार रुपए गायब हो गए। आशीष सिंह कुछ समझ पाते उस समय तक उनके खाते से रकम निकाली जा चुकी थी। आशीष गौर हकीकत पता करने के लिए बैंक गए, वहां पर खाते के ट्रांजेक्शन देखे, जिसमें 80 हजार रुपए गायब थे। आशीष गौर ने इस मामले की शिकायत शनिवार को ग्वालियर थाने में की है। कई बार मोबाइल पर साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर एपीके फाइल भेजी जाती है, इसमें कई बार यह फाइल चालान कटने की होती है, तो कभी किसी अन्य चीज की फाइल होती है। अचानक चालान अथवा अन्य किसी चीज की फाइल आते ही लोग उसे जिज्ञासा वश खोल लेते हैं। खोलते

कुछ फाइलें रिकॉर्ड करती हैं स्क्रीन- कुछ एपीके (एंड्रायड एप्लीकेशन पैकेज किट) फाइलें डाउनलोड होने के बाद मोबाइल की स्क्रीन को रिकॉर्ड करती है। फाइल डाउनलोड होने के बाद जब व्यक्ति अपने मोबाइल पर बैंक के पासवर्ड अथवा कुछ भी डालता है तो दूसरे व्यक्ति को दिख जाता है। इसके बाद वह मोबाइल के जरिए आसानी से बैंक खाते से पैसे गायब कर देते हैं।

ऐसे होता है साइबर फ्रॉड- ही फाइल मोबाइल में डाउनलोड हो जाती है, जिसके बाद मोबाइल का सारा एक्सिस साइबर फ्राड करने वाले के पास चला जाता है। इसके बाद वह मोबाइल में एटीएम के पासवर्ड, पिन नंबर सहित सभी जानकारियां चुरा लेता है। इसके बाद बैंक खातों से अचानक पैसे निकलना प्रारंभ हो जाते हैं।

मोबाइल हैक होने पर यह मिलते हैं संकेत

जब आपका मोबाइल हैक होता है तो उसके कुछ संकेत मिलते हैं, जिसमें अचानक से मोबाइल स्लो चलना शुरू कर देता है। बिना काम के एप अपने आप इस्ट्रॉल होने लगते हैं। बैंक से ट्रांजेक्शन के मैसेज आने लगते हैं, ओटीपी आते ही अपने आप गायब होने लगते हैं। इसी के साथ अकाउंट खाली होना शुरू हो जाता है। इसमें हैकर को खाते में जमा सभी पैसे नजर आते हैं।

कैसे बचें साइबर फ्रॉड से

कि सी भी अज्ञात एप, फाइल को डाउनलोड नहीं करें। हमेशा गूगल प्ले स्टोर से ही एप डाउनलोड करें। अगर गलती से कोई फाइल डाउनलोड कर ली है और लगता है कि साइबर फ्रॉड हुआ है तो तत्काल मोबाइल को फ्लाइट मोड पर डाल दें। तत्काल बैंक में फोन कर अकाउंट और यूपीआई ब्लॉक कराएं, इसके साथ ही मोबाइल को तत्काल रिसेट करें।

आदित्यपुरम में भी युवक से ठगे 98600

आदित्यपुरम निवासी संदीप सिंह राजावत पुत्र उम्र 28 साल निवासी भिण्ड, हाल निवासी आदित्यपुरम के मोबाइल पर 23 दिसंबर की दोपहर 3 बजकर 40 मिनट को हैक कर लिया गया, इसके बाद 4 बजकर 58 मिनट तक उसके खाते से पैसे निकाले गए। साइबर ठगों ने संदीप के बैंक खाते से 98600 रुपए पार कर लिए। संदीप ने इस मामले की शिकायत शनिवार को महाराजपुरा थाने में दर्ज कराई है।

इन आईएएस अधिकारियों के तबादले व अतिरिक्त प्रभार में बदलाव...

शिवशेखर शुक्ला - अध्यक्ष, राजस्व मण्डल
उमाकांत उमराव - प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग
शोभित जैन - प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग
जॉन किंग्सली ए. आर. - सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग (साथ ही नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन विभाग एवं पुनर्वास संचालक का अतिरिक्त प्रभार)
श्रीमन शुक्ल - आयुक्त, आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल
स्वतंत्र कुमार सिंह - सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास
विशेष गढ़पाले - प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (ऊर्जा विभाग एवं विद्युत वितरण कंपनी का अतिरिक्त प्रभार)
आलोक कुमार सिंह - सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव, खनिज साधन विभाग
धनराजू एस - आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएँ, मध्यप्रदेश, भोपाल
अनय द्विवेदी - आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इंदौर
तरूण राठी - आयुक्त, आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल
अनुराग चौधरी - प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ, भोपाल (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार)
नेहा मारव्या सिंह - अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग
गौतम सिंह - आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
वीरेन्द्र कुमार - अपर आयुक्त (राजस्व), ग्वालियर संभाग
निधि निवेदिता - आयुक्त, महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश (साथ ही महिला वित्त एवं विकास निगम का प्रभार)
डॉ. फटिंग राहुल हरिदास - संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मध्यप्रदेश (साथ ही राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के संचालक)
राजेश कुमार ओगरे - अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग
ऋषि गर्ग - प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल
मनीषा सेंतिया - अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग
दिलीप कुमार यादव - प्रबंध संचालक, राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल
बुद्धेश कुमार वैद्य - सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल (विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति का अतिरिक्त प्रभार)
दिलीप कुमार कापसे - उप सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग
मलिका निगम नागर - अपर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल
दिशा प्रणय नागवंशी - उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग
वंदना शर्मा - सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल

गुप्त नवरात्रि आज से, सज गये दरबार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जनवरी. हिंदू सनातन परंपरा में नवरात्रि को अत्यंत पावन और शुभ पर्व माना गया है। नवरात्रि के 9 दिनों में आदिशक्ति मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधिपूर्वक आराधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो रहीं है इस दौरान माता के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती हैं, जिनमें शारदीय और चैत्र नवरात्रि प्रसिद्ध हैं जबकि दो नवरात्रि गुप्त रूप से मनाई जाती हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की साधना विशेष विधि से की जाती है। मान्यता है कि इस गुप्त साधना से भक्तों के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और उन्हें माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से गुप्त नवरात्रि का आरंभ होता है। प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 19 जनवरी सोमवार को दोपहर 1.21 बजे हो रही है। वहीं प्रतिपदा तिथि का समापन 20 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2.14 बजे हो रहा है। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, माघ गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ 19 जनवरी को होगा। सामान्य नवरात्रि में आम तौर पर सात्विक और तांत्रिक पूजा दोनों की जाती है। वहीं गुप्त नवरात्रि में ज्यादातर तात्रिक पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्रि में आमतौर पर ज्यादा प्रचार प्रसार नहीं किया जाता है। अपनी साधना को गोपनीय रखा जाता है। गुप्त नवरात्रि में पूजा और मनोकामना जितनी ज्यादा गर्गापनीय होगी सफलता उतनी ही ज्यादा मिलेगी। इसलिए गुप्त नवरात्रि में आप अपनी साधना को जितना गोपनीय रखेंगे, उतना अधिक लाभ होगा।

गुप्त नवरात्रि की पूजा विधि

नौ दिनों के लिए कलश की स्थापना की जा सकती है। अगर कलश की स्थापना की है तो दोनों वेला मंत्र जाप, चालीसा या सप्तशती का पाठ करना चाहिए। दोनों ही समय आरती भी करना अच्छा होगा। मां को दोनों वेला भोग भी लगाएं। सबसे सरल और उत्तम भोग है लौंग और बताशा। मां के लिए लाल फूल सर्वोत्तम होता है। मां को आक, मदार, दूब और तुलसी बिल्कुल न चढ़ाएं। नौ दिन खान पान और आहार सात्विक रखें।

भगवान बुद्ध ने की थी मां तारा की उपासना

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, स्वयं भगवान बुद्ध ने मां तारा की उपासना की थी। इतना ही नहीं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पूज्य गुरु महर्षि वशिष्ठ भी मां तारा की आराधना करने वालों में शामिल थे। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि महान विद्वान लंकापति रावण और स्वयं देवों के देव महादेव ने भी मां तारा की शरण ग्रहण की थी। मां तारा की पूजा हमेशा हमेशा रात के समय करनी चाहिए। मां तारा की पूजा हमेशा एकांत में करनी चाहिए। माता को नीले रंग के वस्त्र और पुष्प अर्पित करें। मां तारा को प्रसाद के रूप में आम चढ़ाएं। दूसरे दिन मां तारा की पूजा की जाती है। डॉ. जैन ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन मां काली की पूजा का विधान है। मां को गुड़ का भोग बहुत पसंद है। काली मां की पूजा के बाद भोग के गुड़ को गरीबों में बांट देना चाहिए। काली मां को तत्काल प्रसन्न होने वाली और तत्काल ही रूठने वाली देवी माना मां तारा को धन, वैभव और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। 10 महाविद्याओं में उनका स्थान दूसरा माना गया है। शास्त्रों के अनुसार मां तारा देवी पार्वती का ही एक दिव्य स्वरूप हैं।

अंचल के नर्सिंग महाविद्यालयों की संबद्धता प्रक्रिया के लिए आज से शुरू होंगे आवेदन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जनवरी. लंबे समय से अंचल के नर्सिंग महाविद्यालयों की संबद्धता में आ रही अड़चन दूर हो गई है। इन महाविद्यालयों की संबद्धता प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी। इस संबंध में जीवाजी विश्वविद्यालय ने नर्सिंग महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचना पत्र जारी किया है कि वह संबद्धता के लिए आवेदन 19 से 30 जनवरी तक ऑनलाइन संबद्धता आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि इस बीच में कोई महाविद्यालय आवेदन नहीं कर पाता है तो उन महाविद्यालयों का निरीक्षण नहीं कराया जाएगा और संबद्धता प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

दरअसल 19 से 30 जनवरी तक संबद्धता के लिए महाविद्यालय ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद इन आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी कि इन्होंने जो दस्तावेज लगाए हैं वह ठीक हैं या नहीं। ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद निरीक्षण दल बनाए जाएंगे। यह निरीक्षण दल महाविद्यालयों का निरीक्षण करेंगे, उनमें मापदंडों के अनुसार जो सुविधाओं विद्यार्थियों को दी जा रही हैं अथवा नहीं दी जा रही हैं उनकी रिपोर्ट तैयार कर जीवाजी विश्वविद्यालय में जमा की जाएगी। यह निरीक्षण रिपोर्ट विश्वविद्यालय की स्थायी समिति और कार्यपरिषद की बैठक में रखी जाएगी। निरीक्षण रिपोर्ट पर चर्चा के बाद संबद्धता दी जाएगी।

छह महीने से चल रही थी प्रक्रिया- अब तक आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर तक नर्सिंग महाविद्यालयों को संबद्धता दी जाती थी। विश्वविद्यालय में गड़बड़ी होने के बाद तय किया गया कि अब क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा संबद्धता प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसको लेकर पिछले छह माह से प्रक्रिया चल रही थी और असमंजस थी कि अब महाविद्यालयों को संबद्धता किस तरह से मिलेगी। अब जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इनका कहना

अंचल के नर्सिंग महाविद्यालयों की संबद्धता प्रक्रिया के लिए विधिवत सूचना जारी कर दी है। नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर संबद्धता जारी की जाएगी।

डॉ. राजीव मिश्रा
कुलसचिव, जेयू

विवाह समारोह की तैयारियों के लिये समितियों की हुई बैठक

ग्वालियर 18 जनवरी. शहर की सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वावधान होने वाले चतुर्थ सर्वजातीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन की तैयारिओं को लेकर आज न्यास के अध्यक्ष एवं

एम.एल.बी. कॉलेज में होगी पार्किंग व्यवस्था

25 हजार लोग होंगे सहभोज में शामिल

विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की अध्यक्षता में पेयजल समिति, यातायात समिति, भोजन समिति एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन विवाह स्थल जनकपुरी मैदान में किया गया। बैठक में सभी समितियों के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम

आयोजन को भव्य रूप दिये जाने के लिये सुझाव दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि बहनों की शादी पूरे धूम-धाम से की जा रही है, किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। 21 जनवरी को हल्दी, मेहंदी की रस्म, 22 जनवरी को महिला संगीत एवं 23 जनवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन पूरी भव्यता के साथ किया जायेगा। विवाह कार्यक्रम में विवाह स्थल के अंदर एवं बाहर सहभोज की व्यवस्था की गई है। न्यास द्वारा वाहन पार्किंग हेतु एम.एल.बी कॉलेज का स्थान तय किया गया है।

बैठक में न्यास के उपाध्यक्ष विनोद जैन, संयोजक राकेश अग्रवाल, सहसंयोजक संजय कठठ्ल, सचिव अवधेश कौरव, सहसंयोजक श्रीमती बबीता डाबर, कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे, सह सचिव के.पी. सिंह भदौरिया आदि शामिल रहे।

दर्शकों की माँग पर जादूगर दीप कुमार का जादू शो अब 21 जनवरी तक आपके शहर ग्वालियर में

ग्वालियर 18 जनवरी. माधव मंगलम पैलेस (नियर ताज ऊषा किरन पैलेस) नदी गेट चौराहा ग्वालियर में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है, दर्शकों की बेहद माँग पर अब 3 दिन और 21 जनवरी तक अपने जादुई शो का कारनामा दिखाएंगे. रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं, एवं जादू शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं. रोजाना शो में कुछ न कुछ नए प्रयोग देखने को मिलते हैं .एक सुन्दर लड़की को 10 फीट हवा में उड़ा देना , एक इन्द्रजाल बाक्स दर्शकों को खूब लुभा रहा है. रोजाना यहाँ 2 शो चलते हैं 3 बजे से एवं सायं 6 बजे से रविवार व मंगलवार को 3 शो दिखाया जाता है

- 12 बजे, 3 बजे बजे, सायं 6 बजे से प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है. शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्वालियर में 21 जनवरी को जादूगर दीप कुमार का आखिरी शो दिखाया जाएगा. इसके बाद यह जादू का काफिला किसी दूसरे शहर की ओर निकल जाएगा. इसलिए आप सब सपरिवार पहुंचें व विश्व की सबसे प्राचीन जादू कला का भरपूर आनंद उठाइये. शो का टिकट ऑनलाइन www.jadugardeepkumar. com एवं ऑफलाइन माधव मंगलम पैलेस में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 03, वार्ड क्रं 07,स्थान 31, अर्नव ग्रीन सिटी जगनापुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि अवन्तिका ग्रह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ग्वालियर द्वारा अधिकृत अभिषेक शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000229167 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602019ए1792321 दिनांक 25.11.2019 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द लूटपुरा, क्षे.क्र 03, पर दिनांक 18.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं PT41011 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
अनुज शर्मा/सत्येन्द्र शर्मा
पता-अर्नव ग्रीन सिटी, ग्राम जगनापुरा ग्वा0(म.प्र.)
मो0-741666122
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.01.2026

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सीताराम गुर्जर पुत्र श्री महेश सिंह गुर्जर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र.05 (तात्याटोपे वार्ड), शिवनगर, ग्राम जौरी व तहसील मुरैना नगर एवं जिला मुरैना के सर्वे क्र. 624/1 की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- भवन भूमि नरेश, पश्चिम में- भूमि गादीपाल, उत्तर में- रास्ता 18 फीट चौड़ा, दक्षिण में- दीवान सिंह गुर्जर का भवन एवं भूमि व कुल क्षेत्रफल 940 वर्गफीट है। उक्त संपत्ति पूर्व में प्रेमाबाई पत्नी श्री रामदीन व जीवाराम, दाताराम, ब्रजबिहारी पुत्रगण रामदयाल व रामा, आनंदी पुत्रियाँ रामदयाल एवं गंगाप्रसाद, रामेश्वर, दीनानाथ, मुरारीलाल पुत्रगण राम सिंह व भूषण लाल, रामभरोसी पुत्रगण पंचम सिंह एवं बाबूलाल, रामहेत पुत्रगण भोगीराम के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज हैं। तत्पश्चात उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल भूषण लाल पुत्रगण पंचम सिंह द्वारा श्रीमान रघुनी पुत्र श्री गाढेराम को रजिस्टर्ड सरल क्र. 6022 व दिनांक 07.01.2012 से विक्रय की गई है। तदानुसार उक्त संपत्ति को श्रीमान रघुनी पुत्र श्री गाढेराम द्वारा श्रीमान यशवीर पुत्र श्री रामप्रकाश को ई-रजिस्टर्ड क्र. MP25792025A1002063 व दिनांक 01.01.2025 से विक्रय की गई हैं। तदानुसार उक्त संपत्ति को श्रीमान यशवीर पुत्र श्री रामप्रकाश द्वारा श्री सीताराम गुर्जर पुत्र श्री महेश सिंह गुर्जर को ई-रजिस्टर्ड क्र. MP27IGR17912025A100951936 व दिनांक 24.10.2025 से विक्रय की गई है। अतः उपरोक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति 18.01.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्र./पुअ/भिण्ड/रनि./स्टोर / 104/26 दिनांक 12.01.2026

//विज्ञापन//

मध्य प्रदेश पुलिस जिला भिण्ड की ओर से पुलिस लाइन भिण्ड की 84 आवासीय कॉलोनी के आवास क्रमशः 63,57 एवं 48 आवासीय कालोनी के ब्लॉक सी एवं डी के आवास क्रमांक 36,37 एवं 12 एनजीओ के 5,6 एवं 18 एनजीओ आवासीय कॉलोनी के आवास क्रमांक 11 (कुल 07 आवासों का मरम्मत कार्य) की ई-निविदा की सूचना :-

मध्य प्रदेश पुलिस जिला भिण्ड की पुलिस लाइन की 84 आवासीय कॉलोनी के आवास क्रमशः 63,57 एवं 48 आवासीय कॉलोनी के ब्लॉक सी एवं डी के आवास क्रमांक 36,37 एवं 12 एनजीओ के 5,6 एवं 18 एनजीओ आवासीय कॉलोनी के आवास क्रमांक 11 (कुल 07 आवासों के मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा TENDER ID 2026_MPP_475142_1 को बेवसाईड http://www.mptenders.gov.in पर आंमत्रित की गई है। जिसके लिये खुली ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर दिनांक 13.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 तक ऑनलाईन टेण्डर खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते है। ई-निविदा दिनांक 29.01.2026 को कार्यालयीन समय में खोली जावेगी। इच्छुक निविदाकारों को तकनीकी बिड / निविदाकारों को निर्धारित अमानत राशि प्रोसेसिंग फीस एवं टेण्डर फीस ऑनलाईन भुगतान करते हुए भुगतान की रसीद एवं निम्नानुसार दस्तावेज दिनांक 27.01.2026 को 18:00 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। निविदा संबंधी आवश्यक शर्तों म.प्र. शासन की बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

G-24506/25

पुलिस अधीक्षक
जिला भिण्ड

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सोनो पत्नी श्री रामकेश के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 18 का भाग, नगर निगम भवन क्र. 7790, वार्ड क्र. 61, ग्राम खेरिया मोदी एवं तहसील मुरार व जिला ग्वालियर के सर्वे क्र